हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, बुधवार, 16 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

10 काउंटर पर जल्द ओपीडी स्लिप देने की व्यवस्था होः डॉ कोहली



10 मेधावी छात्रों को किया सम्मानित



## खबर संक्षेप

### चौकीदार पर नकाबपोश युवकों ने किया हमला

**जींद।** गांव थुआ पशु डेयरी में बीती रात अज्ञात नकाबपोश दो युवकों ने चौकीदार पर तेजधार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। अलेवा थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर अज्ञात दो युवकों के खिलाफ जानलेवा हमला करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस केस की जांच कर रही है।

### सोलर वाटर पंप के लिए 21 तक आवेदन आमंत्रित

**कैथल।** एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने बताया की प्रधानमंत्री किसान उर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (ढट-ङवरवट) के तहत नवीन एवं नवीकरणीय उर्जा विभाग, हरियाणा, पंचकुला द्वारा 21 अप्रैल तक तीन एसपी सरफेस (मोनोब्लोक), 7.5 एचपी (सबमर्सिबल) व 10 एचपी (सबमर्सिबल) क्षमता के सोलर वाटर पंप के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

### लड़के पर संकट बताकर हड़प ली सोने की बाली

**जींद।** पटियाला चौक पर आईटीआई के निकट दो युवकों ने पहले महिला के घर में संकट बताया और फिर नशीला पदार्थ सुंघा दिया। फिर सोने की बाली, फोन तथा नकदी लेकर फरार हो गए। शहर थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात दो युवकों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हूडा सेक्टर में महिला से लाखों के जेवरात ठगे

**कैथल।** कैथल के हूडा सेक्टर 20 से दो ठग एक महिला के लाखों रुपये के जेवरात लेकर फरार हो गए। हूडा की उषा रानी ने सिविल लाइन कैथल पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 14 अप्रैल को सुबह करीब 7:00 बजे जब वह सेक्टर 20 के कम्युनिटी सेंटर के पास से गुजर रही थी तो अचानक एक व्यक्ति उसके पास आया था।

### कार की टक्कर से स्कूटी सवार दो घायल

**जींद।** गांव पिंडारा पुल के निकट तेज रफ्तार कार की टक्कर से स्कूटी सवार दो युवक घायल हो गए। सिविल लाइन थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बराहखुर्द निवासी नकुल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने दोस्त गांव रधाना निवासी आदित्य के साथ स्कूटी पर सवार होकर शहर से घर लौट रहे थे।

### दहेज प्रताड़ना का आरोप, केस दर्ज

**कैथल।** महिला पुलिस ने दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया है। डेरा भाग सिंह चीका की महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि उसकी शादी कुछ समय पूर्व जिला करनाल के गुरजोत के साथ रिति रिवाज अनुसार हुई थी शादी के समय दिए गए दहेज से वर पक्ष के लोग संतुष्ट नहीं थे तथा और अधिक दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करते थे।

### दो युवक महिला का फोन लेकर फरार

**जींद।** सफीदों के विश्वकर्मा मंदिर के निकट दो युवकों ने एक महिला को पहले पानी पीने के लिए कहा, फिर ओम नमो शिवाय का जाप कर करने की कह कर उसके कानों की दो बालियां निकानल ली। जिसके बाद आरोपित महिला का फोन भी लेकर फरार हो गए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ट्रांसफार्मर तोड़फोड़ का आरोपित दबोचा

**कैथल।** चौशाला में ट्रांसफार्मर से तोड़फोड़ के मामले की जांच थाना एएसआई कुलदीप सिंह की टीम द्वारा करते आरोपी चौशाला निवासी मनोज को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी द्वारा अपनी निजी रंजिश कारण घटना को अंजाम देना कबूल किया।

*पति की मृत्यु के कई-कई माह बाद भी योजना का लाभ नहीं मिल रहा*

# पीपीपी में उम्र सत्यापन में देरी से विधवा महिलाओं की पेंशन अटकी, बार-बार कार्यालय के चक्कर काट रहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) में उम्र सत्यापन होने से विधवा महिलाओं की पेंशन अटक गई है। ऐसे में विधवा महिलाएं बार-बार जिला समाज कल्याण विभाग कार्यालय के चक्कर काट रही हैं लेकिन पेंशन बनवाने में उम्र का प्रमाण पत्र आड़े आ रहा है। हालांकि क्रीड कार्यालय में हर रोज पीपीपी में उम्र सत्यापन करवाने के लिए महिलाओं को आना पड़ता है। इससे पति की मृत्यु के कई-कई माह बाद महिलाओं को योजना का लाभ मिल पा रहा है। प्रदेश में विधवा पेंशन योजना के तहत पेंशन का लाभ लेने के लिए पीपीपी में उम्र सत्यापन की वजह से कुछ विधवाओं को समस्या हो रही है।

**पीपीपी पोर्टल पर पंजीकरण जरूरी**

इस योजना में पेंशन के लिए पात्र होने के लिए विधवा की उम्र 18 साल या उससे अधिक होनी चाहिए। पेंशन के लिए आवेदन को लेकर लाभार्थियों को पीपीपी पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवाना पड़ता है। पीपीपी पोर्टल पर उम्र का सत्यापन न होने के कारण कुछ विधवाओं को पेंशन मिलने में देरी हो रही है या वे पेंशन के लिए पात्र नहीं हो पा रही हैं। वहीं कुछ विधवाओं को उनके उम्र के सत्यापन में दिक्कत हो रही है, जिसके कारण उनकी पेंशन अटक गई है।

**नया नियम लागू होने से समस्याः** विधवा महिलाओं को अब नया नियम लागू होने से ज्यादा समस्या आ गई है। इससे पहले किसी व्यक्ति की मौत हो जाती थी तो परिजन उसका मृत्यु प्रमाण पत्र बनवा कर उसे पीपीपी में अपलोड करवा देते थे। इसके बाद निदेशालय से सूची में मृतक की पत्नी का नाम पेंशन बनवाने के लिए आ जाता था लेकिन अब नया नियम बनने से दिक्कत पैदा हो गई है। विधवा महिलाओं की पीपीपी में उम्र सत्यापन की जाती है। कहीं महिला की नाबालिग उम्र में तो नही शादी की गई थी। ऐसे में महिलाओं को पेंशन बनवाने के लिए क्रीड कार्यालय के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।



जींद। जिला समाज कल्याण विभाग अधिकारी सरोज देवी।

**क्रीड कार्यालय भेज रहे**

उम्र सत्यापन को लेकर विधवा महिलाएं जिला समाज कल्याण कार्यालय में आती हैं। इसके बाद कार्यालय कर्मचारी उन्हें क्रीड कार्यालय में भेज देते हैं। क्योंकि उम्र सत्यापन का कार्य क्रीड कार्यालय का है। ऐसे में महिलाएं क्रीड कार्यालय जाती हैं और वहां पर अपनी उम्र का प्रमाण पत्र देना होता है कि वह 18 साल की है या उससे ऊपर की हो गई है। जबकि प्रदेश में अभिभावक अपनी बेटियों की शादी 18 साल उम्र होने के बाद ही करते हैं लेकिन उसके बावजूद भी प्रदेश सरकार ने यह नियम बनाया है कि विधवा महिला बालिग है या नाबालिग है और इसकी कहीं किशोरावस्था में ही तो शादी कर दी थी।

### उम्र जांचने के बाद ही पेंशन बनवाई जाती हैः सरोज देवी

जिला समाज कल्याण विभाग अधिकारी सरोज देवी ने बताया कि उम्र सत्यापन का कार्य क्रीड कार्यालय में होता है। फिलहाल विधवा महिलाओं की उम्र जांचने के बाद ही उनकी पेंशन बनवाई जाती है।

### पीपीपी में उम्र सत्यापन की वजह से कुछ विधवाओं को हो रही है समस्या

हालांकि क्रीड कार्यालय में हर रोज पीपीपी में उम्र सत्यापन करवाने के लिए महिलाओं को आना पड़ता है। इससे पति की मृत्यु के कई-कई माह बाद महिलाओं को योजना का लाभ मिल पा रहा है। प्रदेश में विधवा पेंशन योजना के तहत पेंशन का लाभ लेने के लिए पीपीपी में उम्र सत्यापन की वजह से कुछ विधवाओं को समस्या हो रही है।



पूंडरी। अनाज मंडी में गेहूं को कट्टों में भरते पल्लेदार। फोटो :हरिभूमि

## प्रशासन की लापरवाही से मंडी में व्यवस्था चरमराई, किसानों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

मंडी में गेहूं की रिकॉर्ड आवक हो रही है, लेकिन सरकारी खरीद एजेंसियों के लचर प्रबंधों के चलते मंडी में अफरा-तफरी का माहौल बना है। मंडी पूरी तरह से गेहूं और कट्टों से भर चुकी है, वहीं खरीद एजेंसियों के पास न तो पर्याप्त लेबर है, न लोडिंग वाहन और न ही बारदाने की व्यवस्था। इससे किसानों और आढ़तियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि मंडी में जगह न होने के चलते अब किसान अपना गेहूं मंडी के बाहर खुले में डालने को मजबूर हैं। इससे बारिश या खराब मौसम की स्थिति में गेहूं के भीगने, दीमक लगने और चोरी होने का खतरा बना रहता है। मंडी में इस समय हेफेड और वेयरहाउस दो एजेंसियां खरीद कार्य कर रही हैं। मंडी में अब तक 6 लाख कट्टे गेहूं की आवक हो चुकी है, जिनमें से दोनों एजेंसियों ने 3.25 लाख कट्टे की खरीद की है। इनमें हेफेड ने 2 लाख और वेयरहाउस ने 1.25 लाख कट्टे खरीदे हैं। लेकिन इनमें से हेफेड ने 20 हजार कट्टे और वेयरहाउस ने महज 2 हजार कट्टे ही उठवाए है।

**ठेकेदार को दिए निर्देश**

वेयरहाउस के खरीद अधिकारी राजेश ने बताया कि वेयरहाउस के गोदामों में पहले से एफसीआई का गेहूं और चावल रखा हुआ है, जिससे नया स्टॉक लगाने के लिए जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि नई जगह की व्यवस्था की जा रही है और जल्द ही विशेष स्पेस मिल जाएगी। साथ ही ठेकेदार को पर्याप्त वाहन और लेबर की व्यवस्था के निर्देश दे दिए गए हैं।

**इंतजाम अधूरेः सतीश**

पूर्व मंडी प्रधान सतीश हजवाना ने खरीद प्रबंधों पर सवाल उठाते कहा कि एजेंसियां अधूरे इंतजामों के साथ खरीद कर रही हैं। बताया कि कई किसानों का गेहूं बिना तुलाई के मंडी में पड़ा है क्योंकि बारदाना ही उपलब्ध नहीं है। आरोप कि वेयरहाउस द्वारा सोमवार सुबह खरीद किए गए गेहूं के लिए 36 घंटे बाद भी बारदाना नहीं दिया गया है।



कैथल। अनाज मंडी में पड़ा गेहूं। फोटो :हरिभूमि

**गेहूं का उठान न होने से बढ़ी परेशानी**

**कैथल।** जिले में अब गेहूं की फसल की आवक बढ़ने के बाद शहर की अन्य तीनों अनाज मंडियों के अलावा शहर के सेक्टर 25 में बने ट्रांसपोर्ट नगर में भी गेहूं की फसल डालना शुरू कर दी गई है। यहां पर फसल तो डाली गई है लेकिन सुविधाएं नहीं है। वहीं, इस ट्रांसपोर्ट नगर में अभी तक गेहूं की उठान का कार्य भी शुरू नहीं किया गया है। यहां पर गेहूं की देखरेख कर रहे आढ़तियों ने एजेंसी के ठेकेदार पर गेहूं की उठान न करने का आरोप लगाया है। आढ़तियों का कहना है कि ठेकेदार जान बूझकर उठान नहीं कर रहा है। जबकि उसे मार्किट कमेटी की ओर से सभी उन जगहों पर उठान के आदेश जारी किए हैं, जहां-जहां जिला प्रशासन की ओर से खरीद केंद्र बनाए हैं।

नागरिक अस्पतालः गर्मियों को देखते ओपीडी समय में बदलाव

# आज से सुबह आठ बजे से प्रारंभ होगी ओपीडी दो बजे तक मरीजों की जांच करेंगे चिकित्सक

## पहले नौ बजे से तीन बजे तक खुला रहता था नागरिक अस्पताल

*मौसम में बदलाव से बढ़ी मरीजों की संख्या, लग रही मरीजों की लंबी-लंबी लाइनें*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल व उपमंडल नागरिक अस्पतालों में बुधवार से ओपीडी का समय बदल जाएगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा अस्पतालों में सुबह आठ बजे से ओपीडी की शुरूआत होगी और दो बजे तक चिकित्सक अपने कमरों में बैठ कर मरीजों की जांच करेंगे। जबकि सर्दियों में अस्पताल नौ बजे से तीन बजे तक खुला रहता था। गर्मियों को देखते हुए अब एक घंटा पहले ओपीडी की शुरूआत की जाएगी वह एक घंटा पहले छुट्टी होगी। ओपीडी के अलावा दवा लेने और टेस्ट कराने के समय में भी परिवर्तन हो गया है। वहीं दूसरी ओर गर्मी बढ़ते ही अस्पताल में मरीजों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। बदलते मौसम की वजह से बुखार, जुखाम, खांसी एवं अन्य बीमारियों से पीड़ित लोग अस्पताल पहुंच रहे हैं। आठ से दोपहर दो बजे तक खुलेगा अस्पतालः जिला नागरिक अस्पताल व उपमंडल नागरिक अस्पताल में चेकअप के लिए ओपीडी पर्ची बनवाने का समय प्रातः 8 बजे से दोपहर दो बजे तक होगा। इसी तरह ओपीडी में दवा के लिए खुलने वाली खिड़की का समय प्रातः 8 बजे से दोपहर दो बजे किया गया है। वहीं अस्पताल में होने वाले विभिन्न तरह की टेस्ट के लिए लैब में सैंपल का समय भी सुबह आठ बजे से 11 बजे तक हरेगा। जबकि सर्दियों में पहले सुबह नौ से 12 बजे तक सैंपल लिए जाते थे और फिर दो बजे तक सैंपल रिपोर्ट दी जाती थी। अब आगामी 16 अक्टूबर तक नागरिक अस्पताल की ओपीडीए टेस्ट एवं दवा लेने का समय अब यही रहेगा। वहीं खून टेस्ट, एक्स-रे सहित अन्य जांचें आठ से 11 बजे तक की जाएंगी। उसके बाद से लेकर दो बजे तक रिपोर्ट मिलेगी। मौसम में बदलाव से बढ़ी मरीजों की संख्या इस समय कभी गर्मी तो कभी बारिश के चलते मौसम लगाता परिवर्तनशील बना हुआ है। पिछले एक सप्ताह में ही बदलते मौसम के चलते सर्दी, खांसी, बुखार, वायरल के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल की बात की जाए तो यहां प्रतिदिन 200 से 250 मरीज ऐसे पहुंच रहे हैं जिन्हें या तो बुखार है या फिर सर्दी या खांसी है। नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि वायरल बुखार के मुख्य लक्षण गले में खराश और कंपकपी, खांसी, जुखाम, तेज बुखार, थकान, जोड़ों में दर्द, मांसपेशियों व बदन में दर्द, सिर और गले में दर्द, आंखें लाल होना आदि हैं। ऐसे में तुरंत प्रभाव से चिकित्सक की सलाह लेकर दवा लेनी चाहिए। बच्चों तथा वृद्धों के स्वास्थ्य व स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिए।



जींद। नागरकि अस्पताल में दवा के लिए लगी लोगों की लंबी लाइन।




जींद। नागरिक अस्पताल में समय बदलाव का लगाया गया बोर्ड।

**आठ बजे खुलेगा अस्पताल**

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि अस्पताल में बुधवार से ओपीडी का समय बदल गया है। जिला अस्पताल व उपमंडल अस्पतालों में ओपीडी सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक की जाएगी। इसके लिए सभी चिकित्सकों को आदेश जारी कर दिए गए हैं।

### रोजाना टीचर डायरी ऑनलाइन का विरोध

**सीवन।** हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन ब्लॉक सीवन प्रधान, कैथल डॉक्टर ज्योति लता पठानिया ने सीवन में पत्रकारों से बात करते कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा एक और तुगलकी फरमान जारी किया गया है। 9 अप्रैल को सरकार द्वारा आदेश दिया गया कि राज्य के सभी स्कूलों के शिक्षकों को रोजाना टीचर डायरी पोर्टल पर अपलोड करनी है जिसका हम विरोध करते हैं। इसलिए हसला राज्य प्रधान व सभी जिला व ब्लॉक प्रधान तथा राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ मिलकर 17 अप्रैल को राज्य के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से निदेशक, माध्यमिक शिक्षा विभाग, पंचकूला को ज्ञापन दिए जाने का फैसला लिया गया है। सभी शिक्षक साथी इस विरोध प्रदर्शन में अपना साथ देगें ताकि इस शिक्षा विरोधी फैसले को वापस करवाया जा सके।

# पत्नी की हत्या का आरोपित पति गिरफ्तार

- हत्या के बार खनौरी की तरफ हुआ था फरार आरोपित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नरवाना स्थित इंद्रा कॉलोनी में चरित्र संदेह के चलते पत्नी नेहा की हत्या करने के आरोपित पति को सीआईए स्टाफ नरवाना ने गिरफ्तार किया है। हत्या के बाद आरोपित खनौरी पंजाब की तरफ फरार हो गया था। नरवाना में किसी परिचित से मिलने आने पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर अदालत से एक दिन के रिमांड पर लिया है। गौरतलब है कि गत पांच अप्रैल को इंद्रा कॉलोनी नरवाना में सूरज ने अपनी पत्नी नेहा की चरित्र संदेह को लेकर हुई कहासुनी के बाद सिर में कुंडी मारकर हत्या कर दी थी। पत्नी की मौत के बाद आरोपित फरार हो गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने आरोपित की तलाश के लिए सीआईए प्रभारी नरवाना की एक विशेष टीम नियुक्त की थी। सीआईए टीम ने तुरंत प्रभाव से जांच शुरू की और अपने मुखबिर तंत्र को एक्टिव किया। आरोपित की तलाश के लिए सीसी टीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला गया। आरोपित सूरज अपनी पत्नी नेहा की हत्या के बाद बाइक पर पंजाब के खनौरी की तरफ जाता दिखाई दिया था। सीआईए टीम आरोपी को खनौरी एरिया में तलाश करती रही लेकिन आरोपित खनौरी से भी फरार हो गया। सीआईए टीम को सूचना मिली थी कि आरोपी सूरज अपने किसी परिचित के पास नरवाना आने वाला है। सीआईए टीम ने तुरंत मुखबिर की बताई जगह पर ट्रैप लगाया जैसे ही आरोपित नरवाना में दाखिल हुआ सीआईए टीम ने आरोपी को काबू कर लिया। डीएसपी नरवाना अमित कुमार ने बताया कि आरोपित को मंगलवार को अदालत में पेश करके एक दिन के पुलिस रिमांड लिया गया है । रिमांड के दौरान गहनता से पूछताछ की जाएगी।फोटो कैप्शन



जींद। पुलिस गिरफ्त में आरोपित। फोटो :हरिभूमि

बिजली निगम कर्मचारी कर रहे हादसे का इंतजार

# तालाब पर से गुजर रही तारें, हादसे का डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

गांव डाहौला में तीर्थ वाला तालाब के ऊपर से बिजली की हाई वोल्टेज की तारें गुजर रही हैं लेकिन निगम प्रशासन मामले को लेकर किसी प्रकार का संज्ञान न लेकर किसी बड़े हादसे के इंतजार में है। गांव के लोगों ने मामले को लेकर जल्द से जल्द तालाब के ऊपर से गुजर बिजली की तारों को हटवाने की मांग की है ताकि कोई बड़ी घटना न घटे।

गांव डाहौला के पवन कुमार, जिले सिंह, जितेंद्र, सुभाष आदि ने बताया कि गांव के तीर्थ वाले तालाब के ऊपर से काफी समय से बिजली की तारे गुजर रही है। इसके लिए अनेक बार निगम के कर्मचारियों को सूचित किया लेकिन निगम के कर्मचारी मामले को लेकर किसी प्रकार का संज्ञान नहीं ले रहे हैं। गांव के लोगों का कहना है कि उक्त तालाब में हरदम पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है। जिसके कारण कभी भी बिजली के तार टूटकर किसी बड़े हादसे को न्योता दे सकते हैं। बरसात के मौसम में तो उक्त बिजली के तार कभी पशुओं तथा आमजन के लिए काल का ग्रास बन सकते हैं। यही नहीं इस तालाब की गांव के बड़े तालाबों में गिनती होने के कारण हर रोज हजारों की संख्या में पशु इस तालाब में पानी पीते हैं।



अलेवा। डाहौला के तालाब के ऊपर से गुजर रही दिखाई देती बिजली की तारे।

**मामला संज्ञान में नहीं: एसडीओ**

बिजली निगम नगूरां के एसडीओ आनंद कुमार बताया कि फिलहाल उनके पास किसी प्रकार की शिकायत नही है। मामला संज्ञान में न होने के कारण कर्मचारियों से पता करवा इसका अस्टीमेट बनवा कर लोगों की समस्या हल कर दी जाएगी।



सीवन। प्रार्थना सभा में बच्चों को संबोधित करते प्रधानाचार्य धर्मपाल सहारण।

**दाखिले के लिए किया प्रेरित**

**सीवन।** सीवन के पीएम श्री राजकीय कन्या वमावि में सुबह की प्रार्थना सभा के दौरान सभी विद्यार्थियों को आसपास के बच्चों और अभिभावकों को सरकारी स्कूल में दाखिले के लिए प्रेरित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य धर्मपाल सहारण ने बताया कि किसी भी आसपास के निजी विद्यालय से सरकारी स्कूल कई मायनो में बेहतर है। यहां पर बच्चों को उच्च प्रशिक्षित अध्यापक शिक्षा देते हैं। इसके साथ ही बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों, प्रतियोगिताओं और खेलों का आयोजन भी किया जाता है जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। सरकार की ओर से कई प्रकार की योजनाएं चलाई गई है जिनका लाभ सरकारी विद्यालयों में बच्चों को मिलता है। सभी बच्चे अपने आसपास पड़ोस में रहने वाले लोगों को उनके बच्चों का सरकारी स्कूल में दाखिल करवाने के लिए प्रेरित करें।

## खबर संक्षेप

### अहिरका में बाबा साहेब की जयंती पर कार्यक्रम

**जींद।** डा. बीआर अंबेडकर कल्याण समिति अहिरका व भारत की जनवादी नौजवान सभा इकाई कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में भारत रत्न बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती की संध्या पर अंबेडकर भवन अहिरका में धूमधाम से मनाई। इस अवसर पर सेमिनार एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। अध्यक्षता डा. बीआर अंबेडकर कल्याण समिति के अध्यक्ष कपूर सिंह ने की। जबकि मंच संचालन अशोक संजना व मुख्तार ने किया।

### महिला अपने दो बच्चों समेत लापता, केस दर्ज

**जींद।** गांव झांज कलां से महिला के दो बच्चों के साथ संदिग्ध हालात में गायब होने पर सदर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव झांज कलां निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी पत्नी तथा दो बच्चे घर से गायब हो गए। तलाशने तथा पर सुराग नही लगा। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### यौन शोषण करने पर एक के खिलाफ केस

**जींद।** उचाना थाना इलाका गांव में महिला को लगभग डेढ़ साल तक यौन शोषण करने तथा विरोध करने पर पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उचाना थाना इलाके की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि एक जनवरी 2023 को गांव के ही कृष्ण ने उसके साथ खेत मे दुष्कर्म किया। आरोपित ने घटना के बारे में बताने पर बुरा अजांम भुगतने की धमकी दी।

### खेत से मोटर व पंखा चोरी, शिकायत दर्ज

**जींद।** नरवाना के दबलैन रोड स्थित खेत से सोलर मोटर तथा पंखा के गायब होने पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नरवाना निवासी रामनिवास ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने उसके खेत से सोलर मोटर तथा पंखे को चोरी कर लिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### आयोजित की जाएगी गतिविधियां : डीसी

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि भारत सरकार की ओर से देश के संविधान को अंगीकृत करने के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान थीम पर अनेक गतिविधियां व कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जो हमारे लोकतंत्र की उल्लेखनीय यात्रा और हमारे संस्थापक सिद्धांतों तथा संवैधानिक मूल्यों की स्थायी विरासत को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य संविधान में निहित मूल मूल्यों को दोहराते हुए संविधान के निर्माताओं के योगदान का सम्मान करना है।

### इनेलो कार्यकर्ताओं की बैठक आज

**जींद।** इनेलो जिलाध्यक्ष विजेंद्र रेढू ने बताया कि राष्ट्रीय संगठन सचिव उमेद लोहान, राज्य संगठन सचिव एवं विधायक डबवाली आदित्य देवीलाल व महिला सेल की राज्य प्रभारी सुनैना चौटाला बुधवार को इनेलो कार्यालय में संगठन की मजबूती को लेकर कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करेंगे।

### 8वें वेतन आयोग का लाभ पेंशनर्स को भी दिया जाए

**जींद।** अक्षर भवन में रिटायर्ड कर्मचारी संघ की बैठक जिला प्रधान विक्रम सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। संचालन जिला सचिव राजकुमार शयोकंद ने किया। बैठक में राज्य उपप्रधान छाजू नैन ने बताया कि भाजपा सरकार द्वारा 25 मार्च को संसद में वित्त विधेयक पारित करके 31 दिसंबर 2025 से पूर्व रिटायर हुए कर्मचारियों को आठवें वेतन आयोग का लाभ न देने का प्रावधान किया है। देश के रिटायर्ड पेंशनर्स इस निर्णय का कडा विरोध करते हैं तथा इस बैठक के माध्यम से सरकार के जन विरोधी ध्वरिष्ठ नागरिक विरोधी निर्णय की कड़ी निंदा करते हैं।

## सीएमओ ने किया नागरिक अस्पताल का निरीक्षण

# काउंटर पर जल्द ओपीडी स्लिप देने की व्यवस्था होः डॉ. कोहली

### हर मरीज के साथ चिकित्सा अधिकारियों व कर्मियों का व्यवहार अच्छा हो

**चिकित्सकों के अलावा स्टाफ नर्स, सिक्योरिटी गार्ड, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी रहें यूनिफार्म में : सीएमओ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। इमरजेंसी वार्ड का निरीक्षण करते सीएमओ डा. सुमन कोहली। फोटो :हरिभूमि

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल का मंगलवार को सीएमओ डा. सुमन कोहली ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में इमरजेंसी वार्ड, रेफरल सेवा को जांचा व अस्पताल में तैनात चिकित्सकों व अन्य स्टाफ सदस्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीएमओ ने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई इत्यादि को देखा और मरीजों से बातचीत की। उन्होंने निर्देश देते कहा कि चिकित्सकों के अलावा स्टाफ नर्स, सिक्योरिटी गाड्र्स, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हमेशा ड्यूटी पर तैनात यूनिफार्म में रहें। अस्पताल में आने वाले हर मरीज के साथ चिकित्सा अधिकारियों तथा कर्मियों का व्यवहार अच्छा होना चाहिए। अगर कोई शिकायत आती है तो उस पर तुरंत प्रभाव से संज्ञान लिया जाएगा। सीएमओ डा. सुमन कोहली ने एक अप्रैल को अपना कार्यभार संभाला था। तब से लेकर अबतक लगातार चिकित्सकों के रोस्टर, सिटिंग के साथ-साथ व्यवस्थाओं को लेकर उनके द्वारा दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। मंगलवार को सीएमओ डॉक्टरों की टीम के साथ इमरजेंसी, ओपीडी व अस्पताल परिसर का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला, डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल, डा. कर्मबीर, स्टाफ नर्स मौजूद रही।

### रोस्टर अनुसार ड्यूटी पर लगाया

सीएमओ डा. सुमन कोहली ने कहा कि अस्पताल को नए मेडिकल ऑफिसर मिले हैं। जिन्हें रोस्टर अनुसार डयूटी पर लगाया गया है। भविष्य में भी बदलाव होंगे ,जिससे जो कमियां हैं, उनको दूर करने का प्रयास किया जाएगा। चिकित्सकों के अलावा स्टाफ नर्स, सिक्योरिटी गाड्र्स, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को वर्दी में रहने के दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

सीएमओ ने एक-एक कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और जो कुछ छोटी-मोटी कमियां पाई गई, उन्हें तुरंत प्रभाव से दुरुस्त करने के साथ-साथ सभी चिकित्सा अधिकारी व नर्सिंग ऑफिसर के अलावा अन्य स्टाफ को चेताते हुए कहा कि कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की अगर कोई भी लापरवाही पाई जाती है तो उनके खिलाफ प्रशासनिक सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उधर, निरीक्षण की भनक लगते ही स्टाफ में हलचल मच गई सभी व्यवस्थाओं को बनाने में जुट गए। अस्पताल 200 बैड का है। 100 बैड पुरानी तथा 100 बैड नई बिल्डिंग में है। प्रतिदिन यहां 1800 तक ओपीडी होती है।

# मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना



कार्यक्रम में मेधावी छात्रों को सम्मानित करते चेयरमैन डा. संजय जांगड़ा।

जुलाना कस्बे के वार्ड तीन की चौपाल में बाबा साहेब डा भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मेधावी छात्रों को सम्मानित किया । कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में जुलाना नपा के चेयरमैन डा. संजय जांगड़ा ने शिरकत की। कार्यक्रम में डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर केक काटा । लोगों को संबोधित करते डा संजय जांगड़ा ने कहा कि बाबा साहब के पास 32 डिग्रियां थी। डा. आंबेडकर 64 विषयों में मास्टर थे। उन्हें 9 भाषाओं का ज्ञान था। इसके अलावा उन्होंने लगभग 21 वर्षों तक दुनिया के सभी धर्मों का तुलनात्मक तरीके से अध्ययन किया। उन्होंने श्लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्सश में सिर्फ 2 साल 3 महीने में 8 साल की पढ़ाई पूरी की। वह लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से डॉक्टर ऑल साइंस नामक एक मूल्यवान डॉक्टरेट की डिग्री प्राप्त करने वाले दुनिया के पहले और एकमात्र व्यक्ति हैं। देश में आज भी किसी के पास इतनी डिग्री नहीं है। मरणोपरांत उन्हे सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि सुरेंद्र फौजी, चरणदास, राजबीर, कृष्ण, पवन कुमार, महेंद्र सिंह मौजूद रहे।



जींद। मंडी में आई फसल। फोटो :हरिभूमि

### फसल अवशेष न जलाएं किसान

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जिले की विभिन्न मंडियों और खरीद केंद्रों में गेहूं की आवक सुचारू रूप से जारी है। अब तक करीब 1,05,721 एमटी गेहूं की आवक दर्ज की है। जिसे सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा खरीदा जा चुका है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने 58,584 एमटी, हैफेड ने 26,489 एमटी और हरियाणा वेयर हाउस ने 20,648 एमटी गेहूं की खरीद की है। मंडियों में गेहूं के सुचारु प्रबंधन और त्वरित उठान के लिए पहले से ही सभी आवश्यक प्रबंध कर लिए गए थे। उपायुक्त ने सभी खरीद एजेंसियों को निर्देश दिए हैं कि गेहूं के उठान कार्य में और अधिक तेजी लाई जाए ताकि मंडियों में अव्यवस्था न हो और किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। किसानों से आग्रह किया कि वे फसल कटाई के बाद खेतों में अवशेष या फानों में आग न लगाएं।

### ऑनलाइन डायरी के विरोध में प्रदर्शन कल

**जींद।** हरियाणा स्कूल लैक्चरर एसो (हसला) द्वारा राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के साथ मिल कर ऑनलाइन डायरी लिखने के विरोध में 17 अप्रैल 3 से पांच बजे तक धरना प्रदर्शन करते जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से निदेशक शिक्षा विभाग पंचकूला के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिला प्रधान जोगेंद्र लोहान ने बताया कि सामूहिक मुद्दों पर पहले भी दोनों संगठनों ने मिल कर संघर्ष किया है। विभाग ने स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध करवाने के बजाय प्रतिदिन नए-नए अनावश्यक आदेश जारी किए जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में बिजली और इंटरनेट सुविधा न होने के कारण विभाग द्वारा भेजें गए स्मार्ट बोर्ड सफेद हाथी बने हुए हैं। अब ऑनलाइन डायरी लिखने का आदेश जारी करना अध्यापकों को सिर्फ मानसिक रूप से तंग करने का काम है। क्योंकि पहले से ही ऑफलाइन डायरी अध्यापकों द्वारा लिखी जा रही है।

### पानी की निकासी न होने से लोग दुःखी

**नरवाना।** नरवाना एक तरफ तो नप स्थानीय विधायक शहर को सुंदर बनाने के बड़े बड़े दावे करते दूसरी तरफ शहर में सफाई व्यवस्था का हाल बिगड़ा है शहर में जगह-जगह सड़कें टुटी है कोई भी विकास के नाम सड़क तोड दी जाती महीनों उसकी रिपेयर नहीं की जाती है जिसका जीता जागता उदाहरण है नेहरू पार्क से भगतसिंह चौंक के बीच वाली सड़क जोकि शहर की सबसे व्यस्ततम सड़क है जिसका प्रयोग शहर के हर व्यक्ति द्वारा किया जाता है स्वयं कैबिनेट मंत्री भी शहर के दौरे के दौरान करते ए शहर के अधिकारी गणमान्य नागरिक भी करते हैं फिर भी चार पांच माह से पानी की लाइन डालने के लिए तोडी गई थी वो आज तक रिपेयर नहीं की गई है क्या उसके लिए शहर के फंड खत्म हो गये है।एल आई सी रोड पर भक्त धन्ना जाट चौक पर हर समय पानी खड़ा रहता है।



नरवाना। टूटी हुई सड़कें। फोटो :हरिभूमि



नरवाना। बाबा साहेब की जयंती मनाते हुए। फोटो :हरिभूमि

### बाबा साहेब की जयंती धूमधाम से मनाई

**नरवाना।** डॉ भीमराव अम्बेडकर भवन एल आई सी रोड़ नरवाना में बाबा साहब की 134 वीं जयन्ती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विशाल मिर्धा प्रधान प्रतिनिधि नगर परिषद नरवाना ने बाबा साहाब के जन्म दिवस पर समाज के लोगों को जाति विशेष से ऊपर उठकर भाई चारा बनाए रखने का संदेश दिया। सभा के भवन में हर प्रकार का सहयोग देने का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथि डॉव प्रदीप नैन जी संचालक आस्था हस्पताल नरवाना ने समाज के लोगों को बाबा साहब के जन्मदिन की बधाई देते हुए बाबा साहब के दिखाए मार्ग पर चलने का संदेश दिया। इस अवसर पर भवन में भंडारे का आयोजन भी किया गया। सभा की नई कार्यकारिणी के प्रधान वीरेन्द्र चौपड़ा ने पूरे समाज को अपने व्यक्तिगत द्वेष से ऊपर उठकर एकजुट रहने का संदेश दिया।

### कर्मचारी विरोधी रवैये पर जताया रोष

**जींद।** आल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन सर्कल कमेटी की बैठक धर्मबीर भंभेवा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन सफीदों यूनिट प्रधान पंकज भाटिया ने किया। बैठक में अधीक्षक अभियंता जींद के रवैये को लेकर रोष जताया गया। उन्होंने कहा कि अधीक्षक अभियंता ने जो सर्कल सचिव जींद को जो पत्र लिखे हैं, उनकी यूनियन कड़े शब्दों में निंदा करती है और सभी की सहमति से अधीक्षक अभियंता कार्यालय पर 17 अप्रैल को बैठक कर आगामी आंदोलन पर फैसला लिया जाएगा। 24 अप्रैल को उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन करके अधीक्षक अभियंता के कर्मचारी विरोधी रवैये के बारे में ज्ञापन दिया जाएगा और फिर भी अधीक्षक अभियंता के तानाशाही रवैये में सुधार नही हुआ तो संगठन और भी बड़ा आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी।



जींद। बैठक कर रोष जताते बिजली निगम कर्मचारी।



जींद। व्याख्यान देते डा. अनुपम भाटिया। फोटो :हरिभूमि

### छोटू राम किसान कालेज में व्याख्यान

**जींद।** छोटू राम किसान महाविद्यालय में एनईपी 2020 के तहत विद्यार्थियों की डिग्री हेतु इंटर्नशिप एवं उनके कौशल विकास हेतु व्याख्यान का आयोजन किया गया। चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी से सह प्राध्यापक एवं निदेशक ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेलए डा. अनुपम भाटिया ने इंटर्नशिप एवं कौशल विकास के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। विद्यार्थी के करिअर की रुचि एवं विषय अनुसार विभिन्न प्रकार के संगठनों, सरकारी एवं गैर सरकारी, लोकल, एनजीओ, निजी कुशल व्यवसायी, किसान इत्यादि के पास अपने कौशल को विकसित कर सकते हैं। किताबी शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थी प्रैक्टिकल काम करने की जगहों पर जाकर उनके वास्तविक तथ्यों से परिचित हो सकते हैं। इंटर्नशिप के बाद विद्यार्थियों को अपनी प्रोजेक्ट रिपोर्ट भी जमा करवानी होगी।




जींद। बैठक में दिशा-निर्देश देते डीसी। फोटो :हरिभूमि

### नशा एक सामाजिक बुराई

**जींद।** नशा एक सामाजिक बुराई है और इसके खिलाफ एकजुट होकर साइक्लोथॉन के माध्यम से जागरूकता फैलाने का यह एक सुनहरा मौका है। सभी को इस मुहिम में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए ताकि लोगों को नशा न करने के लिए प्रेरित किया जा सके। ये बात उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने लघु सचिवालय के सभागार में मंगलवार को आयोजित बैठक के दौरान कही। एसपी राजेश कुमार, एडीसी विवेक आर्य, एसडीएम जींद सत्यवान मान, एसडीएम नरवाना जगदीश चंद, डीएमसी गुलजार मलिक, सीईओ जिला परिषद अनिल दून सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। कहा कि हरियाणा उदय आउटरीच कार्यक्रम के तहत ड्रग फ्री हरियाणा का संदेश लेकर साइक्लोथॉन.2.0 साइकिल यात्रा नशा मुक्ति अभियान के तहत 23 अप्रैल को जिला कैथल से जींद में प्रवेश करेगी।

# छात्रों को मर्सी चांस दिया जाए

- परीक्षा विभाग में खामियों को लेकर छात्रों ने विवि कंट्रोल को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए छात्र। फोटो :हरिभूमि

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की विवि ईकाई द्वारा मंगलवार को विवि में हो रही विभिन्न प्रकार की समस्या की जानकारी दी। एबीवीपी विवि ईकाई अध्यक्ष राहुल ने बताया कि 10 हजार से अधिक छात्रों रिजल्ट रोका है। जोकि विवि के डिपार्टमेंट ने इंटरनल मार्क्स समय नही भेजे थे। उपाध्यक्ष हिमेश यादव ने बताया कि विवि द्वारा 30 महीने से एनईपी कोर्स की 20 महीने से विधि विभाग के छात्रों को डीएमसी नहीं मिल रही। नगर कार्यालय मंत्री मयंक बंसल ने बताया कि विवि द्वारा 17 मार्च को विवि इकाई और 18 मार्च को कॉलेज की इकाई द्वारा कंट्रोलर सेमांग की थी कि स्पेशल चांस और मर्सी चांस दिया जाए। जिसके बाद 8 अप्रैल को विवि के वाइस चांसलर ने मांग को मांग लिया लेकिन अभी तक इसका नोटिफिकेशन जारी नही हुआ है। नगर मंत्री प्रतीक शर्मा ने बताया कि सभी यूजी, पीजी के नॉन एनईपी कोर्स के रिवॉल्यूशन जारी करें ताकि विद्यार्थी का विषय खराब न हो। विवि की गलती के कारण 500 छात्रों का रिजल्ट साइट पर भी नही दिख रहा है। विवि ने इन मांगों को लेकर संज्ञान नही लिया तो आने वाले दिनों वीसी रजिस्ट्रार के कार्यालय में प्रदर्शन करेंगे। इस मौके मौजूद रोहन सैनी मौजूद रहे।



जींद। डीएवी की प्राचार्या को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि


### रश्मि डीएवी जोन की कमिश्नर होंगी

**जींद।** डीएवी स्कूल अर्बन एस्टेट जींद की प्राचार्या रश्मि विद्यार्थी भारत स्काउट और गाइड की डीएवी जोन की जिला कमिश्नर होंगी। वे डा. धर्मदेव विद्यार्थी का स्थान लेंगी। यह नियुक्ति डीएवी संस्थाओं के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूनम सूरी के निर्देश के अनुसार की है। डा. धर्मदेव विद्यार्थी पिछले 20 वर्षो से डीएवी में स्काउट कमिश्नर का उत्तरदायित्व निभा रहे थे। उनके जोन में हरियाणा के अधिकतर डीएवी स्कूल सम्मिलित थे। भारत स्काउट और गाइड की अन्य गतिविधियों के साथ साथ प्रत्येक वर्ष किसी दूरस्थ मनमोहक स्थान पर शिविर लगाया जाता रहा है। जिसमें बेंगलुरु, ऊटी, जयपुर, रायपुर, हरिद्वार, माउंट आबू, शिमला, जम्मू, द्वारका, मुंबई आदि जिसमें हजारों युवा छात्र लाभ उठा चुके हैं। रश्मि विद्यार्थी को फूलों का गुलदस्ता तथा स्काउट स्कार्फ प्रदान किया।

## समय से पुस्तकें मिलने से अध्यापकों को भी पढ़ाने में सहूलियत होगी

# विभाग ने स्कूलों में किताबें भिजवानी प्रारंभ की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




जिलाभर के सरकारी स्कूलों में नया सत्र शुरू हो गया है। स्कूलों में आने वाले विद्यार्थियों को इस सत्र में पढ़ाई के दौरान कोई परेशानी नहीं आए इसको लेकर शिक्षा विभाग द्वारा किताबें भिजवाई जा रही हैं। यह किताबें पहली से लेकर आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को मिलेंगी। अभी पांचवीं और आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए किताबें आना बाकी है।

इस समय सरकारी स्कूलों में दाखिले जारी हैं। राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को पुस्तकों के लिए हर साल की तरह इस बार परेशान नही होना पड़ेगा। विद्यार्थियों को इस बार नए सत्र में स्कूलों में छात्र संख्या के अनुसार समय से पुस्तकें मुहैया करा दी जाएंगी। इसके लिए शिक्षा विभाग ने पहले से ही योजना बना ली है। विभाग ने अधिकारियों की छात्र संख्या अनुसार किताबों की डिमांड मांगी थी, जो अधिकारियों की ओर से भेज दी गई है। समय से पुस्तकें मिलने से अध्यापकों को भी पढ़ाने में सहूलियत होगी। हर साल आधा सत्र बीत जाने के बाद विद्यालयों में किताबें आती थी। जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होती थी। ऐसे में शिक्षा विभाग ने इस बार सत्र की शुरू होने से पहले पुस्तकें पहुंचाने की योजना बनाई है। विभाग की ओर से पिछले दिनों विद्यालयों से डिमांड मांग ली गई थी। गौरतलब है कि राजकीय विद्यालयों में पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों को निशुल्क पुस्तकें दी जाती हैं। पिछले सत्र में बाल वाटिका से लेकर आठवीं कक्षा तक के 68 हजार से अधिक विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे थे। नए सत्र में समय पर पुस्तकें आने से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार आएगा।

### सभी विद्यार्थियों को उपलब्ध होंगी

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी डा. सुभाष वर्मा ने बताया कि नया सत्र शुरू होने पर पुस्तकें सभी विद्यार्थियों को उपलब्ध होंगी। एक-दो कक्षा के विद्यार्थियों की किताब आना बाकी है। अभी स्कूलों में किताबें आ रही हैं। ऐसे में विद्यार्थियों को सुविधा होगी। विद्यार्थियों को इस साल परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। विभाग की ओर से एमआईएस पोर्टल पर किताबों की डिमांड की गई थी।



जींद। व्याख्यान देते डा. गीता। फोटो :हरिभूमि

### जल संरक्षण पर व्याख्यान

**जींद।** हिंदू कन्या महाविद्यालय के इको क्लब द्वारा जल संरक्षण पर विस्तारित व्याख्यान का आयोजन किया गया था। इस व्याख्यान को डा. पूजा भौतिकी विभाग की सहायक प्रोफेसर ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का उद्घाटन डा. उपासना गर्ग कार्यवाहक प्राचार्या हिंदू कन्या महाविद्यालय ने किया। उन्होंने जल संरक्षण के महत्व और इसके प्रासंगिकता पर जोर दिया और छात्राओं को जल संरक्षण और स्थिरता को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया। डा. गीता गुप्ता ने जल संरक्षण के महत्व और पर्यावरण पर इसके प्रभाव को रेखांकित किया। डा. नीलम रानीए कार्यक्रम की सदस्या ने कहा कि व्याख्यान ने छात्राओं को जल संरक्षण और इसके दैनिक जीवन में महत्व के बारे में जानने का एक मूल्यवान अवसर प्रदान किया। व्याख्यान के अंत में डा. सीमा ने डा. पूजा के प्रति आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### दो लाख पांच हजार 580 एमटी गेहूं की खरीद हुई

**कैथल।** डीसी प्रीति ने बताया कि जिला में विभिन्न एजैंसियों द्वारा गत दिवस तक कुल दो लाख पांच हजार 580 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद गई है। जिला में गेहूं की कुल आवक में से 84 हजार 427 मीट्रिक टन गेहूं खाद्य एंव आपूर्ति विभाग द्वारा, 85 हजार 562 हैफेड द्वारा तथा 35 हजार 591 मीट्रिक टन गेहूं हरियाणा वेयरहाउसिंग कोर्पोरेशन द्वारा खरीदा गया है।

उन्होंने बताया कि अगोंध मंडी में 1763 मीट्रिक टन, अरनोली में मंडी में 3213 मीट्रिक टन, बाबा लदाना में 6055 मीट्रिक टन, बड़सिकरी खुर्द में 677 मीट्रिक टन, बलबेहड़ा मंडी में 1254 मीट्रिक टन, बालू में 1694 मीट्रिक टन, बरटा में 1599 मीट्रिक टन, बाउपुर मंडी में 679 मीट्रिक टन, भागल में 3944, भूसला मंडी में 3349 मीट्रिक टन, चीका मंडी में 50 हजार 966 मीट्रिक टन, डीग में 834 मीट्रिक टन, फर्शमाजरा में 1520 मीट्रिक टन, गोहरां में 2177 मीट्रिक टन, गुहणा में 452 मीट्रिक टन, हाबड़ी मंडी में 2846 मीट्रिक टन, जाखौली मंडी में 1665 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हुई है।

### कला गर्ग की 58वीं वर्षगांठ पर हुआ सत्संग

**उकलाना।** हरि बोल संगत उकलाना की प्रधान तथा भारत विकास परिषद के पूर्व प्रधान डॉ. नीरज गर्ग की माता कला गर्ग की 58वीं वैवाहिक वर्षगांठ के उपलक्ष में पुरानी अनाज मंडी मे श्री सनातन धर्म मंदिर में विशेष सत्संग आयोजित किया गया जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने सुंदर-सुंदर भजन प्रस्तुत किया। कला गर्ग को बधाई देते हुए संगत तथा श्री सनातन धर्म मंदिर कमेटी की तरफ से उन्हें पटका तथा माला पहनकर अभिनंदन किया गया। इस मौके पर सनातन धर्म मंदिर के प्रधान कैलाश लोहिया, सचिव राजकुमार गर्ग, रक्षा गोयल, मीनाक्षी लोहिया, ममता गोयल, आशा गर्ग, कृष्णा

## गांव तितरम में बाबा साहेब की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन

# डा. भीमराव के दिखाए मार्ग को अपनाएं : अमृत लाल

अपनी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे बच्चों को सम्मान प्रतीक देकर सम्मानित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद



गांव तितरम में डा भीम राव अम्बेडकर लाइब्रेरी, संत गुरु रविदास सभा व हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति के सांझा बैनर तले बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर जयंती पर वैचारिक सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसका विषय भारतीय संविधान और वर्तमान समय व परिस्थिति रहा। इसकी अध्यक्षता लाइब्रेरी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मास्टर बिरमाचंद और संत रविदास सभा के वरिष्ठ उपप्रधान हंसराज ने संयुक्त रूप से की और मंच संचालन लाइब्रेरी प्रबंधन समिति सचिव कपिल सिरोही ने किया। हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति राज्य महासचिव सुरेश उचाना , जिला प्रधान अमृतलाल व जिला सचिव रामफल मलिक ने अपना संबोधन दिया। सभी वक्ताओं ने कहा कि हमारी विरासत और हमारा इतिहास हमें मानव के द्वारा मानव का शोषण करने,अंधविश्वास,पाखंड, जाति और धर्म में बंटने और एक देश द्वारा दूसरे देश को गुलाम बनाने की नीति के खिलाफ लामबंद होने और एकजुट होकर संघर्ष करने की प्रेरणा देता है। हमारे महापुरुष बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर हमेशा स्त्री शिक्षा,सामाजिक न्याय,बराबरी और सबको शिक्षा,सबको काम तथा मनुवाद व सामंतवाद के खिलाफ संघर्ष करते रहे। भारतीय संविधान मानवतावादी, न्यायवादी और समानता पर आधारित है जो सबको समान अवसर प्रदान करता है। हमें अपने महापुरुषों की जीवनियों व उनके संघर्षो से सीख लेते हुए उनके दिखाये रास्ते पर चलना चाहिए ताकि हम एक बेहतर समाज का निर्माण कर सके। डा. भीम राव अम्बेडकर लाइब्रेरी में जो बच्चे गत वर्ष अपनी अपनी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे उन बच्चों को सम्मान प्रतीक देकर सम्मानित किया गया। सेमिनार में दीपक,अमित,सन्नी, सुशील,चंद्र हंस, सुखविंदर सहित बड़ी संख्या में नगर वासियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।



राजौंद। कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## संविधान निर्माता को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

राजकीय महाविद्यालय राजौंद में भारतीय संविधान की 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में व डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती के जन्मोत्सव के अवसर पर हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान अभियान के तहत सामाजिक अध्ययन क्लब,राजनीतिक विज्ञान विभाग, लीगल लिटरेसी क्लब,मानव अधिकार क्लब व महत्वपूर्ण दिवस कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय में डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर जयंती पखवाड़ा 14 अप्रैल से 28 अप्रैल तक मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन भी करवाया जाएगा। मंगलवार की गतिविधि में रैली का आयोजन किया गया। रैली को महाविद्यालय प्राचार्य दीपक कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली का संचालन सुदेश व विक्रम ने किया। हमारा संविधान,हमारा स्वाभिमान,भलाई का जिसमें है विधान,वही है भारतीय संविधान,संविधान हमारी शान है एकता की पहचान है और अपने अधिकारों को जानिए संविधान को पहचानिए आदि नारों से आम जन को संविधान के महत्व के बारे में जागरूक किया।

## आरकेएसडी कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग के छात्रों ने किया शिमला का शैक्षिक दौरा

भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान का भी दौरा किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आरकेएसडी कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग ने शिमला का शैक्षिक दौरा आयोजित किया। डॉ. सुरज वालिया, डॉ. रितु वालिया, डिंकी और नीलम के मार्गदर्शन में 49 छात्रों ने शिमला का दौरा किया, जिसका उद्देश्य यह समझना था कि पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्थाएं कैसे काम करती हैं। छात्रों ने देखा कि सरकार ने इन पहाड़ी क्षेत्रों को हाईवे से जोड़ा है ताकि यात्रा समय को कम किया जा सके। यहां लोग अपनी आजीविका के लिए छोटे व्यवसाय करते हैं जो पर्यटकों की जरूरतों को पूरा करते हैं। छात्रों ने यह भी देखा कि हाईवे बनाने के लिए पेड़ और पहाड़ों को काटा गया है, जो मानवीय हस्तक्षेप को दर्शाता है। छात्रों ने मंदिर का दौरा किया और रोपवे के माध्यम से वहां पहुंचे। इसके बाद उन्होंने भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान का दौरा किया।

भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान शिमला में एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक धरोहर स्थल है और शोध तथा बौद्धिक कार्यो का केंद्र है। यह भारतीय इतिहास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुका है, जिसमें स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े ऐतिहासिक सम्मेलन आयोजित हुए थे, और अब यह अंतरविभागीय अध्ययन और बौद्धिक विनिमय का केंद्र बन चुका है। यह भवन ब्रिटिश वास्तुकला और इंजीनियरिंग की भव्यता का प्रतीक है। अंत में, छात्रों ने मॉल रोड का दौरा किया, जो शाम के समय पर्यटकों से भरा हुआ था। मॉल रोड शिमला, हिमाचल प्रदेश की राजधानी का प्रमुख वित्तीय, वाणिज्यिक और व्यवसायिक केंद्र है। इसे ब्रिटिश उपनिवेशकाल के दौरान बनाया गया था।



शिमला का दौरा करते आरकेएसडी कालेज के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## अक्षय तृतीया 30 को , अधिकारी बाल विवाह को लेकर रहें अलर्ट : उपायुक्त

जागरूकता अभियान चलाए जाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

- बाल विवाह निषेध अधिनियम के अनुसार बाल विवाह करना कानून अपराध

डीसी प्रीति ने बताया कि आगामी 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर लोगों द्वारा बड़ी संख्या में विवाह / शादियों का आयोजन किया जाता है, जिसमें बाल विवाह का आयोजन करने की भी संभावना बनी रहती है। बाल विवाह निषेध अधिनियम के अनुसार बाल विवाह करना कानून अपराध है। सभी संबंधित अधिकारी, ग्राम पंचायत तथा वार्ड एमसी सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्र में कोई भी बाल विवाह न होने पाए। इसको लेकर गांव, वार्ड, खंड स्तर पर जागरूकता अभियान चलाएं जाएं। अगर आमजन को बाल विवाह से संबंधित कोई सूचना मिलती है तो वे जिला प्रशासन को सूचित करें। डीसी प्रीति ने बताया कि लड़की की शादी 18 वर्ष व लड़के की शादी 21 वर्ष से पहले की जाती है तो वह कानून अपराध की श्रेणी में आता है। शिक्षा विभाग के अधिकारी स्कूलों में प्रार्थना सभा के माध्यम से विद्यार्थियों को तथा पीटीएम के माध्यम से अभिभावकों को इस बारे में जागरूक करें। इसके अलावा सभी ग्राम पंचायतें बाल विवाह को रोकने में प्रशासन का सहयोग करें और सुनिश्चित करें कि उनके गांव में कोई भी बाल विवाह की घटना न होने पाए। उन्होंने जिला बाल संरक्षण ईकाई के अधिकारियों को सामूहिक विवाह आयोजित करने वाली सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं से समन्वय स्थापित करने का आह्वान किया। डीसी ने संबंधित अधिकारियों को अक्षय तृतीया को लेकर सतर्क रहने तथा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इसके साथ ही उन्होंने पुजारियों, हलवाई, टैंट हाउस, बैंड पार्टी, प्रिंटिंग प्रेस तथा अन्य प्रकार की सेवाएं देने वाले सभी प्रदाताओं के साथ बैठक करने का आह्वान भी किया।

## एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय में स्किल वेंचर मासिक वर्कशाप का शुभारंभ किया

टूरिज्म की बारीकियों से रूबरू करवाया

### कामयाबी के लिए संचार व अंतर वैयक्तिक कौशल जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

बेहतरीन कॅरियर संभावनाआं के दृष्टिगत कौशल विकास पर फोकस करती हुई स्किल डेवलपमेंट वर्कशाप की शुरूआत एन आई आई एल एम विश्वविद्यालय में हुई जिसे स्किल वेंचर नाम दिया गया है। इस कार्यशाला का आयोजन विवि के कॅरियर काउंसलिंग एंड सभी विभागों के सहयोग से किया जा रहा है।विश्वविद्यालय दाखिला निदेशक राजिंद्र गोयत ने कार्यशाला के प्रारंभ में इस मासिक कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत की। राजिंद्र गोयत ने कहा कि जीवन में कामयाबी के लिए संचार तथा अंतर वैयक्तिक कौशल बेहद जरूरी है। साथ ही, प्रतिस्पर्धा के इस दौर में विद्यार्थियों को अपने क्षेत्र का नवीनतम ज्ञान होना चाहिए। इस कार्यशाला का आयोजन इसी उद्देश्य से किया जा रहा है ताकि विद्यार्थियों को नवीनतम जानकारी मिल सके तथा उनका कौशल विकास हो सके। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र का संचालन डॉ सुमन भुक्कल, विभागाध्यक्ष केमिस्ट्री ने किया। कार्यशाला समन्वयन जन संपर्क अधिकारी डा. मनोज कुमार ने किया। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र का प्रारंभ विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ राजीव दहिया ने किया। उन्होंने कॅरियर प्लानिंग के दृष्टिकोण से इस कार्यशाला को महत्वपूर्ण बताया।

कार्यशाला में बतौर विशेषज्ञ डॉ आकाश दता ने होटल एवं टूरिज्म के बारे विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने ने कहा कि आज भारत में साहसिक खेल पर्यटन का स्कोप काफी बढ़ रहा है। विदेशी तथा भारत के पर्यटक साहसिक पर्यटन की ओर से आकृष्ट हो रहे हैं। ऐसे में विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में कॅरियर बारे सोचना चाहिए। प्राध्यापक अशोक कुमार ने एडवेचर टूरिज्म की बारीकियों से विद्यार्थियों को रूबरू करवाया। उन्होंने ने सत्कार उद्योग में जरूरी स्किल्ज पर प्रकाश डाला।



कैथल। स्किल वेंचर में उपस्थित अधिकारी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## गोल्ड लाइफ स्कूल के बच्चों ने रचा इतिहास, हिसार की पहली वाणिज्यिक उड़ान में बने पहले यात्री

बच्चों का स्वागत किया गया

### श्लोकों का पाठ कर शुभ अवसर को धार्मिक रूप से भी विशेष बनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हिसार एयरपोर्ट के उद्घाटन के ऐतिहासिक अवसर पर गोल्ड लाइफ स्कूल राजौंद के 34 विद्यार्थियों ने दिल्ली से हिसार जाने वाली एलायंस एयर की पहली उड़ान में यात्रा कर इतिहास रच दिया। यह सफर केवल एक यात्रा नहीं था बल्कि एक सपना पूरा होने जैसा था—उन बच्चों के लिए जो आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो से आते हैं और जिनके लिए हवाई जहाज में बैठना कभी एक कल्पना मात्र था। यह सभी विद्यार्थी स्कूल के क्लास आफ चैपस कार्यक्रम का हिस्सा हैं, जो पूरी तरह निःशुल्क है और शिक्षा के माध्यम से प्रतिभा को निखारने का प्रयास करता है। मुख्य आकर्षणः हिसार हवाई अड्डे पर उतरने वाले पहले यात्री बने गोल्ड लाइफ स्कूल के बच्चे। विमान में विशेष उद्घोषणा के माध्यम से बच्चों का स्वागत किया गया। टेक ऑफ से पहले और लैंडिंग के बाद बच्चों को चॉकलेट,उपहार और गुलाब के फूलों से किया गया स्वागत। बच्चों के साथ विमान में मौजूद रहे एलायंस एयर के चेयरमैन एवं एमडी अमित कुमार, सीईओ रामबाबू और अन्य छह वरिष्ठ अधिकारी उड़ान से पहले मांगलिक श्लोकों का पाठ कर इस शुभ अवसर को धार्मिक रूप से भी विशेष बनाया गया। बच्चों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी से मिलने का भी अवसर मिलने की संभावना। स्कूल के प्रतिनिधि के रूप में प्रबंधक निदेशक जितेन्द्र सिंह, प्रिंसिपल शिव कुमार, शिक्षिका आशु, अकाउंट्स हेड छाया और सोशल मीडिया प्रमुख सौरभ इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने। यह यात्रा गोल्ड लाइफ स्कूल द्वारा पूरी तरह निशुल्क आयोजित की गई। जो किसान और मजदूर वर्ग के बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के उद्देश्य से न लाभ न हानि के सिद्धांत पर संचालित होता है। भविष्य में स्कूल अब अगले वर्ष बच्चों के लिए हेलीकॉप्टर यात्रा आयोजित करने की योजना बना रहा है।




राजौंद। कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## आमजन को किया साइबर अपराध के खिलाफ जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

पुलिस विभाग ने 10 दिन तक जिला कैथल में विभिन्न स्थानों पर साइबर हेल्पडेस्क लगाकर आमजन को साइबर अपराधों बारे जागरूक करने सहित साइबर संबंधी शिकायतों को सुना जाएगा। इसी कड़ी के तहत मंगलवार को राजेश कालिया के कुशल मार्गदर्शन में जिला सचिवालय, कोर्ट परिसर, कबुतर चौकी व रेलवे स्टेशन कैथल पर साइबर हेल्पडेस्क लगाए गए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि साइबर जागरूकता कार्यक्रम के साइबर थाना प्रभारी पीएसआई शुभ्रांशु, एएसआई विनोद कुमार, एएसआई जसबीर सिंह व एचसी सतीश कुमार की टीम द्वारा साइबर अपराधों से बचने की विशेष जानकारी दी गई। जिसमें उन्होंने बताया कि किसी भी अनजान व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया या साईट पर दी गई जानकारी को पूर्ण न समझे। साइबर अपराधी आपको पैसे कमाने का, पैसे डबल करने का या अन्य तरीके का प्रलोभन देकर आपकी निजी जानकारी हासिल करते है। जिसके बाद फोन पर ओटीपी भेजकर या अन्य तरीके से आपके खाते को खाली कर देते है। साइबर ठग आपको फोन पर कुछ मिनटों में लाखों रुपए का लोन सस्ती दरो पर देने का दावा करते है और आपकी जानकारी हासिल कर आपके खाते से रकम को अपने खाते में ट्रांसफर कर लेते है। साइबर अपराधी स्मार्ट फोन से मोबाइल ऐप, इंटरनेट बैंकिंग व अन्य तरीको से लोगों के साथ धोखाधड़ी कर पैसे हड़प रहे है जिससे पीड़ति व्यक्ति को आर्थिक हानि के साथ 2 कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पडता है। कोई भी व्यक्ति आपको किसी भी तरह का लॉटरी, इनाम या अन्य चीजें जीतने का प्रलोभन देता है तो आपको समझना चाहिए की जालसाज आपके खाते से पैसे हड़पना चाहता है। साइबर अपराधियों के इन सब तरीके के बारे मे अपने परिवार को अवगत कराये व उनको साइबर अपराध बारे जागरूक करे। अगर आपके साथ किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी हो जाती है तो जितनी जल्दी हो सके तुरंत नेशनल साइबर कंप्लेंट पोर्टल नंबर 1930 पर कॉल करें करके शिकायत दर्ज करवाये।




कैथल। साइबर अपराधों बारे आमजन को जागरूक करती पुलिस।

## जाट पीजी कालेज में संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जाट पीजी महाविद्यालय कैथल में भौगोलिक सूचना प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग एवं रोजगार संभावनाएं विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का आयोजन स्काईलाइन संस्थान का जियो इनफॉर्मेटिक्स के तत्वाधान में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में जाट पी.जी.महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर दिनेश कुमार ढिल्लो एवं विशिष्ट अतिथि डॉक्टर राकेश चौहान, संजय मल्होत्रा ने शिरकत की। भूगोल विभाग के डॉक्टर विकास नैन, डॉक्टर कर्मवीर चहल ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का विधिवत रूप से स्वागत किया, इस अवसर पर स्काईलाइन संस्थान ऑफ जियो इनफॉर्मेटिक्स के डॉक्टर राकेश चौहान ने बताया कि भौगोलिक सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने पर्यावरण निगरानी ,शहरी नियोजन, भू स्थानक ,सूचना प्रणाली विश्लेषण, आपदा प्रबंधन, संसाधन प्रबन्धन,नगर नियोजन, ड्रोन निगरानी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में इस तकनीक का महत्व एवं संभावनाओं का विस्तार से वर्णन किया।



कैथल। डा. राकेश चौहान को सम्मानित करते अधिकारी।

### दिवंगत मास्टर चरणदास के नेत्रदान से मिली रोशनी

**कैथल।** एक प्रेरणादायक और मानवीय कार्य संपन्न हुआ। दिवंगत मास्टर चरणदास मित्तल , जिनका निधन हुआ, के नेत्र श्री नर नारायण सेवा समिति, कैथल के सहयोग से सफलतापूर्वक दान करवाए गए। श्री नर नारायण सेवा समिति, कैथल, जो कि नेत्रदान को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है, के प्रयासों से यह नेक कार्य संभव हो सका। समिति के सदस्यों ने मास्टर चरणदास मित्तल के निधन के तुरंत बाद परिवार से संपर्क किया और उनकी सहमति प्राप्त की। श्रीमान चंद्रभान मित्तल जी एवं श्रीमान राजकुमार मित्तल जी ने अपने पूजनीय बाऊजी के नेत्रों को दान करके दो व्यक्तियों को रोशनी का अमूल्य उपहार दिया है। श्री नर नारायण सेवा समिति वेदना के इन क्षणों में परिवार के साथ है। परिवार की इस प्रेरक पहल हेतु संस्था आपकी हृदय से आभारी है अंधत्व पर विजय के प्रयास में आपके परिवार का सहयोग वंदनीय और प्रेरणादायक है। समिति आपके परिवार के उज्जवल व सशक्त भविष्य की मंगल कामना करती है। इस अवसर पर, श्री नर नारायण सेवा समिति के सदस्य ने कहा, /"हम पूजनीय श्री चरणदास मित्तल जी के परिवार को इस निस्वार्थ भाव के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। दुख की इस घड़ी में उनका यह निर्णय मानवता की एक उत्कृष्ट मिसाल है। उनके इस कदम से न केवल किसी की आंखों की रोशनी वापस आएगी, बल्कि यह अन्य लोगों को भी नेत्रदान के लिए प्रेरित करेगा। श्री नर नारायण सेवा समिति, कैथल, पिछले कई वर्षों से नेत्रदान के प्रति जागरूकता फैलाने और लोगों को इसके लिए प्रेरित करने का कार्य कर रही है।



चरणदास मित्तल

## सरकारी स्कूलों में नामांकन बढ़ाने के लिए अभियान 14वें दिन भी लगातार जारी : अमरनाथ किठानिया

सरकारी स्कूलों व गांव में नामांकन अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल




यहां चलाया भियानः राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीवन, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कांगथली, पाबसर, क्वारतन, कोटड़ा व राजकीय उच्च विद्यालय नंदकरण माजरा के सरकारी स्कूलों व गांवों में नामांकन अभियान चलाया गया।

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने सरकारी स्कूलों में नामांकन बढ़ाने हेतु अभियान 14वें दिन भी जारी रखा। आज राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीवन, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कांगथली, पाबसर, क्वारतन, कोटड़ा व राजकीय उच्च विद्यालय नंदकरण माजरा के सरकारी स्कूलों व गांवों में नामांकन अभियान चलाया गया। स्कूलों में अध्यापकों व छात्रों की मीटिंग लेने के बाद हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के राज्य महासचिव रामपाल शर्मा, जिला प्रधान रामफल दयोहरा, जिला सचिव अमरनाथ किठानिया, कैशियर शीशपाल शर्मा, संगठन सचिव सुरेश द्रविड़,वरिष्ठ उपप्रधान विद्यावती, सावित्री देवी, मंजू रानी,करमचंद केसर,सतपाल पांचाल, कृष्ण आर्य,राजकुमार कश्यप, संदीप जालंद्रा, महावीर अटवाल, मस्त राम शास्त्री व नारायण ने बताया कि सामाजिक दिखावे के चलते अविभावक अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में भेज रहे हैं, जबकि हर तरह की सुविधा व प्रशिक्षित शिक्षकों के होते हुए भी सरकारी स्कूलों में छात्र संख्या का कम होना चिंता का विषय है। इसलिए संगठन सरकारी स्कूलों में नामांकन बढ़ाने का अभियान चलाते अभिभावकों के बीच जाकर नामांकन बढ़ाने हेतु भरकस प्रयास कर रहा है।

### मौजूद रहे

इस अवसर पर मास्टर रमेश सजुमा, रामभगत, गगनदीप, जयभगवान चौहान, राकेश कुमार, अरुणा, विजय क्योंडक, जयभगवान शास्त्री, प्रदीप, सतीश कुमार, इन सभी विद्यालयों का स्टॉफ व ग्रामीण मौजूद रहा।

## खबर संक्षेप

### खरीद केंद्र फर्शमाजरा से हजारों का गेहूं चुराया

**कैथल।** गेहूं खरीद केंद्र फर्शमाजरा से चोर हजारों रुपए का गेहूं चुरा कर ले गए।चंदाना गेट कैथल के पवन कुमार ने सिविल पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि वह सरस्वती ट्रेडिंग कंपनी फर्श माजरा में मुनीम का काम करता है। 14 अप्रैल की रात को हुए सभी खाना खाकर सो गए। अनाज मंडी में गेहूं के 242 घंटे रखे हुए थे। जैसे ही सुबह उसकी 2:00 बजे आंख खुली तो उसने देखा कि कुछ अज्ञात युवक उनके 32 बैग बाइक पर चोरी कर कर ले गए। उसने शोर मचाया तो आरोपी वहां से फरार हो गए। चुराए गए बैग की कीमत करीब 35 बताई गई है।

### कैथल में 22 को प्रवेश करेगी साईक्लोथॉन यात्रा

**कैथल।** डीसी प्रीति ने कहा कि हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत शुरू हुई साइक्लोथॉन यात्रा आगामी 22 अप्रैल को कैथल जिला में प्रवेश करेगी। यह यात्रा नशे के खिलाफ शुरू की गई एक मुहिम है, जिसमें जन-जन की भागीदारी अहम है। सभी विभाग आपसी तालमेल से इस यात्रा को सफल बनाने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। डीसी प्रीति ने कहा कि नशे के खिलाफ शुरू हुई इस साइक्लोथॉन यात्रा को सफल बनाने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों की ड्यूटियां लगाई गई है। सभी संबंधित अधिकारी इस यात्रा को सफल बनाए। जिला में नशे के खिलाफ साइक्लोथॉन यात्रा का प्रभावी संदेश जाना चाहिए।

### दहेज के लिए प्रताड़ित करने में पति गिरफ्तार

**कैथल।** कैथल की एक कालोनी निवासी बेटी के साथ दहेज के लिए मारपीट कर उसे प्रताड़ति करने के आरोप में महिला थाना पुलिस की लेडी एचसी सीमा द्वारा पीड़ता के पति नरवाना निवासी तेजेंद्र उर्फ विक्की को गिरफ्तार कर लिया गया। पीड़ता द्वारा पुलिस को दी शिकायत अनुसार पीड़ता की शादी 12 दिसंबर 2019 को तेजेंद्र उपरोक्त के साथ हुई थी। शिकायतकर्ता के परिवार जनो द्वारा उसकी शादी में हैसियत के अनुसार दान दहेज दिया था लेकिन उसके ससुरालजन उसे दान दहेज से खुश नहीं थे और उसे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। महिला थाना में विभिन्न धाराओं के तहत अभियोग अंकित किया गया था।

### छह साल की बच्ची से दुष्कर्म के प्रयास में युवक पर केस

**कैथल।** कलायत थाना के तहत आने वाले एक गांव में छह साल की बच्ची से दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है। इस मामले में पड़ोस के ही एक युवक पर बच्ची के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने के आरोप लगे हैं। कलायत थाना की पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत दुष्कर्म के प्रयास संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। कलायत थाना में दी गई शिकायत में बच्ची के पिता ने बताया कि 13 अप्रैल को उसकी छह साल की बेटी अपने घर के अंदर खेल रही थी। रात करीब नौ बजे आरोपी उसे खाने की चीज देने का लालच देकर अपने कमरे पर ले गया। वहां पर उसे बंधक बना लिया और दुष्कर्म का प्रयास किया। जैसे ही बच्ची के रोने की आवाज सुनाई दी और वे मौके पर पहुंचे तो आरोपी वहां से भाग गया।

## टेंडर होने के बावजूद जिला प्रशासन नही दे रहा ध्यान

# तालाब ओवरफ्लो से जींद-असंध मार्ग पर नगूरां में फैला पानी

### सड़क लबालब होने के कारण उक्त मार्ग पर हादसों का ग्राफ बढ़ रहा है

हरिभूमि न्यूज ⏭अलेवा



**अलेवा।** नगूरां गांव में जींद-असंध मार्ग पर तालाब तथा नालों का भरा पानी। *फोटो : हरिभूमि*

गांव नगूरां में जींद-असंध मार्ग पर स्थित ज्यूणा वाले तालाब तथा नालों के ओवरफ्लो होने के कारण गंदा पानी सड़क पर पहुंच चुका है, जिसके कारण दुपहिया वाहन चालक तथा पैदल चलने वाले लोग काफी परेशान हो चुके हैं। हालांकि जिला प्रशासन के आलाधिकारी करीब एक साल से अमृत सरोवर योजना के तहत इस तालाब का टैंडर होने की बात कह रहे हैं लेकिन ठेकेदार को बार-बार पत्र लिखने के बावजूद भी इस तालाब की तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसके कारण ग्रामीणों में जिला प्रशासन के आलाधिकारियों तथा सरकार के खिलाफ रोष है। गांव नगूरां निवासी प्रकाश, संजीव, विकास, संदीप, रामकेश, भीम, कुलदीप आदि ने बताया कि नगूरां में जींद-अंसध मार्ग पर स्थित तालाब तथा इसके साथ लगते नालों का गंदा पानी ओवरफलो होकर सड़क पर पहुंच रहा है। सड़क पर पानी की अधिकता के चलते दुपहिया वाहन चालक तथा पैदल चलने वाले लोग आए दिन हादसों का शिकार हो रहे हैं। इसके लिए ग्रामीण उपायुक्त जींद या फिर संबंधित विभाग के अधिकारियों को सूचित कर चुके है लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हो रहा हैं। ग्रामीणों ने कहा कि करीब एक साल से इस तालाब का अमृत सरोवर योजना के तहत टैंडर भी हो चुका है लेकिन ठेकेदार इस तालाब पर काम शुरू करने का नाम नहीं ले रहा है। इसके लिए विभाग ने संबंधित ठेकेदार को कई बार पत्र भी लिखा लेकिन ठेकेदार विभाग के अधिकारियों को एक-दो दिन में काम चालू करने की बात कहकर करीब एक साल से केवल मात्र आश्वासन दे रहा है। जिसके कारण अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवालिया निशान लग रहा है।

#### विभाग को कई बार किया सूचित

नगूरां सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप ने बताया कि इस तालाब का करीब एक साल से सौंदर्यकरण के नाम पर करोड़ों रुपयों का टैंडर हो चुका है लेकिन मामले को लेकर ठेकेदार फोन नहीं उठा रहा है। तालाब तथा इसके साथ लगते नालों का पानी ओवरफलो होकर सड़क पर पहुंच रहा है। जिसके कारण आए दिन गंदे पानी में वाहन आदि फिसल दुर्घटनाग्रस्त होकर हादसों को न्योता दे रहे हैं। जिसके कारण ग्रामीणों में जिला प्रशासन के आलाधिकारियों के प्रति रोष है। इसके लिए विभाग के अधिकारियो को सूचित किया है। अगर मामले को लेकर जल्द समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीण कठोर कदम उठाएगें।

#### टैंडर खत्म करने के लिए लिखा जाएगा पत्र

खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी अलेवा अक्षयदीप चौहान ने बताया कि करीब एक साल से इस तालाब का सौंदर्यकरण के तहत टैंडर हो चुका है लेकिन ठेकेदार काम नहीं कर रहा है। इसके लिए टैंडर खत्म करने के लिए पत्र लिखा जाएगा और दुबारा से टैंडर की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। तब तक अस्थाई रूप से पानी निकासी की व्यवस्था की जाएगी ताकि लोगों को किसी परेशानी का सामना न करना पड़े।

# खराब फसलों का मुआवजा दे सरकार

- सरकार का किसान विरोधी चेहरा हुआ एक बार फिर हुई बेनकाब : राजीव आर्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ढांड



**ढांड।** युवा भाकियू प्रदेशाध्यक्ष राजीव आर्य। *फोटो : हरिभूमि*

युवा भाकियू प्रदेशाध्यक्ष राजीव आर्य ढांड ने प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन से मांग करते हुए कैथल जिला सहित समूचे प्रदेश में बिजली की चिंगारियों व अन्य कारणों से लगी किसानों की फसलों में आग से हुए नुकसान का सरकार तत्काल प्रभाव से मुआवजा दे। इसके साथ बेमौसमी बरसात से पानी की भेंट चढ़ी फसलों की भी विशेष गिरदावरी करवाकर सरकार पीड़ति किसानों को मुआवजा रूपी मरहम लगाने का काम करें, ताकि किसानों को कुछ राहत मिल सके। यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए किसान नेता राजीव आर्य ने कहा कि बारिश व ओलावृष्टि से फसलों में भारी नुकसान हुआ है। आसमान से बरसात किसानों की फसलों पर आफत बनकर टूटी हुई है। पककर कटाई के लिए तैयार हो चुकी फसलों को बेमौसमी बरसात से भारी नुकसान हुआ है। जिससे किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया जिन फसलों की कटाई हुई थी वो पानी में डूब गई वहीं जो फसलें कटाई के लिए तैयार थी उन्हें ओलावृष्टि व तूफान से नीचे खेतों में बिछ गई है।

# सरकारी स्कूल में दाखिले की जगाई अलख

- गांव कोटडा के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल के स्टाफ सदस्यों ने घर-घर जाकर प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭राजौंद



**राजौंद।** गांव कोटडा में सरकारी स्कूलों के स्टाफ सदस्य बच्चों को गोद उठाकर सरकारी स्कूलों में दाखिले लेने के लिए प्रेरित करते हुए।

गांव कोटडा के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल के स्टाफ सदस्यों ने घर-घर जाकर बच्चों को सरकारी स्कूल में दाखिला दिलाने के लिए प्रेरित किया। इस अभियान के तहत सरकारी स्कूल कोटडा के अध्यापकों ने घर-घर जाकर बच्चों को सरकारी स्कूल में पढ़ाने के लिए अभिभावकों को प्रेरित किया और सरकारी स्कूलों में शिक्षा के अलावा अन्य योजनाओं के बारे में भी अवगत करवाया। इस दौरान प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने इस कार्य में पूरी निष्ठा व लगन से काम करते हुए पूरी टीम के साथ लोगों को घर-घर जाकर सरकारी स्कूलों में बच्चों को दाखिला दिलाने के लिए आह्वान किया।

बता की सभी सरकारी स्कूलों में दाखिला दिलाने के लिए अभियान जोरों पर चल रहा है। सरकारी स्कूलों के अध्यापक घर-घर जाकर सरकारी स्कूलों में दाखिला लेने के लिए विद्यार्थियों के साथ साथ सभी को प्रेरित कर रहे हैं। यह अभियान लगभग पूरे राजौंद ब्लॉक के सभी गांव में चला हुआ है। स्कूल स्टाफ सदस्य छुट्टी वाले दिन भी गांव गांव जाकर बच्चों को सरकारी स्कूलों में दाखिला खिलाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

# रासायनिक खादों का प्रयोग कम करें

- उर्वरक प्रबंधन पर 15 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद



**जींद।** प्रशिक्षण शिविर के समापन पर किसान। *फोटो : हरिभूमि*

पैक्स प्रबंधकों और सेल्समैनों के लिए हमेटी में शुरू हुए उर्वरक प्रबंधन पर 15 दिवसीय कोर्स का मंगलवार को समापन हो गया। हमेटी के निदेशक डा. कर्मचंद ने कहा कि इस कोर्स को करने वाला व्यक्ति किसान को आवश्यकता अनुसार रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग की सलाह देकर रासायनिक खादों के अंधाधुंध प्रयोग को कम करवा सकता है। इससे न केवल खेती में किसान का अनावश्यक खर्चा बचेगा बल्कि उसके खेत की मिट्टी भी उपजाऊ बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि उर्वरकों के समन्वित प्रयोग से भूमि की भौतिकए रासायनिक और जैविक स्थिति में सुधार आता है। भारत वर्ष में यह कोर्स सबसे पहले हमेटी जींद द्वारा शुरु किया गया था। अभी तक हमेटी द्वारा 21 बैचों में 630 व्यक्तियों को यह प्रशिक्षण दिया जा चुका है। यह किसानों के लिए तो फायदेमंद है ही, युवाओं के लिए भी यह रोजगार उपलब्ध करवाने वाला कोर्स है। डा. हरभगवान कंबोज ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान ट्रेनीज को चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार, केंद्रीय लवणीय मृदा अनुसंधान संस्थान करनाल, मिट्टी पानी जांच प्रयोगशाला सफीदों, का भ्रमण करवाया गया।

# नैतिक शिक्षा, जीवन कौशल का पढ़ाया पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭नरवाना



**नरवाना।** कार्यक्रम में मौजूद अध्यापिकाएं। *फोटो : हरिभूमि*

शिक्षा भारती मॉडल स्कूल में आज नई शिक्षा नीति छम्च 2020 के अनुसार एक महत्वपूर्ण शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सीबीएसई की तरफ से 50 घंटे का प्रशिक्षण सभी शिक्षकों के लिए अनिवार्य है। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य नवीन शर्मा मुख्य प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित रहे। उन्हें सीबीएसई द्वारा ट्रेनर नियुक्त किया गया है। कार्यक्रम का मुख्य विषय प्रभावी कक्षा प्रबंधन थाए जिसके अंतर्गत शिक्षकों को छात्रों के साथ बेहतर संवादए पाठ्यक्रम प्रबंधन और अनुशासन बनाए रखने के विविध तरीकों पर प्रशिक्षण दिया गया। शिक्षकों को नैतिक शिक्षा और जीवन कौशल के बारे में प्रशिक्षित किया गया कि कैसे वह बच्चों में नैतिक शिक्षा और जीवन कौशल का विकास कर सकते हैं।

नवीन शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि कक्षा प्रबंधन सिर्फ अनुशासन बनाए रखने तक सीमित नहीं हैए बल्कि यह एक ऐसा वातावरण बनाने की कला है जहां छात्र सीखने के लिए प्रेरित और उत्साहित हों। उन्होंने आगे बताया कि प्रभावी कक्षा प्रबंधन शिक्षकों को अपने समय का अधिकतम उपयोग शिक्षण में करने की अनुमति देता है। विद्यालय के 50 से अधिक शिक्षकों ने इस प्रशिक्षण में भाग लिया और इसे अत्यंत उपयोगी बताया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षा के स्तर को उन्नत करने की विद्यालय की प्रतिबद्धता का हिस्सा है।

#### शिक्षक उन्नति का आधार

विद्यालय के डायरेक्टर वीरेंद्र बिढान ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा हमारे शिक्षकों का निरंतर विकास ही हमारे विद्यालय की उन्नति का आधार है। इस प्रशिक्षण से हमारे शिक्षक नवीनतम शैक्षिक पद्धतियों से अवगत होंगे जिससे छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में मदद मिलेगी। शिक्षा भारती संस्थान के चेयरमैन प्रवीण कुमार ने अपने संबोधन में शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार के महत्व पर बल दिया और कहा कि हमारा लक्ष्य केवल छात्रों को शिक्षित करना नहीं बल्कि उन्हें संपूर्ण विकसित व्यक्तित्व प्रदान करना है। इसके लिए हमारे शिक्षकों का प्रशिक्षित होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आगामी वर्ष में अधिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा भी की। दिन सभी शिक्षकों को सर्टिफिकेट दिए गए।

# योगेश बैरागी ने मंडी का किया निरीक्षण

- सरकार को बदनाम करने की विधायक रच रही साजिश, नही है तोल में कोई भी अंतर : योगेश बैरागी

हरिभूमि न्यूज ⏭जुलाना



**जुलाना।** मंडी में तोल का निरीक्षण करते जुलाना से योगेश बैरागी। *फोटो : हरिभूमि*

जुलाना कस्बे की नई अनाजमंडी का भाजपा प्रत्याशी कैप्टन योगेश बैरागी ने निरीक्षण किया। सोमवार को जुलाना से विधायक विनेश ढ्क्तोगाट ने मंडी का निरीक्षण किया था और तोल में अंतर मिलने पर मंडियों को लूट का अड्डा बताया था। इसी का पलटवार करते हुए भाजपा प्रत्याशी कैप्टन योगेश बैरागी ने कहा कि जुलाना की विधायक सरकार को बदनाम करने की साजिश कर रही है। एक ट्राली में दो किवंटल का अंतर कैसे हो सकता है। मंडी में पूरे प्रदेश के लगभग सात जिलों के किसान अपनी फसल को बेचने के लिए आते हैं। अगर मंडी में किसानों के साथ कोई भी ठगी होती तो किसान अपने जिले की मंडियों को छोड़ कर किसान जुलाना की मंडी में फसल बेचने के लिए क्यों आते। लगभग पूरे प्रदेश में जुलाना की अनाज मंडी आवक के मामले में एक नंबर पर है। कैप्टन योगेश बैरागी ने कांटे पर जा कर तोल चैक किया। मंडी में गतौली गांव निवासी किसान सोहन लाल गेहूं की ट्रॉली लाया था। तोल के दौरान एक ट्रॉली का बाहर वजन करवाया गया। जिसका वजन ट्रॉली समेत 118 किवंटल और 65 किलोग्राम वजन पाया गया। खाली का जब वजन करवाया तो उसका वजन 39 क्विंटल 90 किलो पाया गया।

#### मैकेनिक बुलाया गया

मार्केट कमेटी सचिव कोमिला ने बताया कि मंडी के कांटों के अंतर को लेकर मैकेनिक को बुलाया गया था। मैकेनिक ने बताया कि 80 टन के कांटों में 10 किलोग्राम से लेकर 20 किलोग्राम तक का अंतर हो सकता है। कांटों के तोल में कोई अंतर नही था। बीते दिनों हुई बरसात के कारण कांटों के सैंसर में पानी लग गया है। कांटों को दोबारा दुरूस्त करवा दिया गया है। मंडी में आने वाले किसान निशुल्क तोल करवा सकते हैं।

# बिश्नोई ने हुड्डा पर बोला हमला

- पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई बोले भ्रष्टाचार में फंसे होने के कारण राजनीतिक करियर खत्म

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद



**जींद।** पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई पत्रकारों से बातचीत करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

भाजपा नेता और पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर जुबानी हमला बोलते हुए उचाना में कहा कि हुड्डा का राजनीतिक जीवन अब समाप्त हो चुका है। हुड्डा को उनकी अपनी पार्टी के लोग भी गंभीरता से नही लेते हैं। बिश्नोई ने हुड्डा पर भूमाफिया होने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के गंभीर मामले चल रहे हैं। हिसार एयरपोर्ट के उद्घाटन पर पीएम मोदी द्वारा सीएम नायब सिंह सैनी की प्रशंसा को भूपेंद्र हुड्डा ने झूठा बताया था। बिश्नोई ने कहा कि भविष्य भाजपा का है, एयरपोर्ट से क्षेत्र में रोजगार बढ़ेगा और उद्योग स्थापित होंगे। बिश्नोई ने कांग्रेस नेता बीरेंद्र सिंह के बिना पर्ची-बिना खर्ची की पोल खोलने वाले बयान को चुनौती दी। उन्होंने कहा कि बीरेंद्र सिंह को अपने आरोपों को साबित करना चाहिए। बिश्नोई ने दावा किया कि भाजपा में नौकरियां केवल योग्यता के आधार पर दी जाती हैं। कांग्रेस द्वारा भाजपा पर प्रदेश का बेड़ा गर्क करने के बयान पर कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि देश, प्रदेश को विकास के पहिया लगा चुके हैं।

# मेधावी बच्चों को सम्मानित किया

- एमआरसीआर स्कूल में आयोजित हुआ समारोह
- भाजपा प्रत्याशी कैप्टन योगेश बैरागी ने शिरकत की

हरिभूमि न्यूज ⏭जुलाना



**जुलाना।** कार्यक्रम में मेधावी छात्रों को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि योगेश बैरागी। *फोटो : हरिभूमि*

जुलाना कस्बे के एमआरसीआर स्कूल में मेधावी छात्रों सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में भाजपा प्रत्याशी कैप्टन योगेश बैरागी ने शिरकत की। छात्रों को संबोधित करते हुए कैप्टन योगेश बैरागी ने कहा कि शिक्षा वो शेरनी का दूध है जो पिएगा वो दहाड़ेगा। शिक्षा से अपने माता पिता और परिवार का नाम रोशन किया जा सकता है। आज के युग में हर चीज को चुराया जा सकता है लेकिन शिक्षा वो गहना है जिसे कोई भी चोरी नही कर सकता।

कार्यक्रम में 11 वीं के छात्र शिवानीए भावना और लक्ष्यए 9 वीं कक्षा के जसप्रीत, गौरव और योगेश को सम्मानित किया गया। इस मौके पर डायरेक्टर अरूण सिंघल, मोहित मित्तल, उपप्रधानाचार्य टिन्नू सिंघल, हिन्ना ननवाल आदि मौजूद रहे।

## सांसद नवीन जिन्दल की ओर से नवीन संकल्प शिविर आयोजित

# संकल्प शिविर का उद्देश्य, सबका साथ-सबका विकास

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल



**कैथल।** शिविर में जांच के लिए पहुंचे ग्रामीण। *फोटो : हरिभूमि*

सांसद कुरुक्षेत्र लोकसभा नवीन जिन्दल की ओर से कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में नवीन संकल्प शिविरों का लगातार सफल आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में पात्र नागरिकों को लाभ देने का सहरानिय काम लगातार किया जाता रहा है।

हल्का प्रभारी अरविंद गोलन ने बताया इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के पात्र, अधिक से अधिक नागरिकों को लाभान्वित करना है। ये संकल्प शिविर नियमित रूप से कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में लगातार आयोजित किये जा रहे हैं। इस कड़ी में नवीन जिन्दल फाउंडेशन कैंप का शुभारंभ संत प्रेम आचार्य जी ने किया। अइस अवसर पर गोलन ने बताया कि आज के नवीन मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से 127 लोगों को निःशुल्क परामर्श और दवाइयां दी गई जबकि 23 लोगों के निःशुल्क टेस्ट किए गए। इस मौके पर नवीन जिंदल जी के ऑफिस से डॉ बलिंद्र, नितिन, व अन्य बलराज नोच, संदीप ढुल्ल, प्रदीप कुमार, सोहनलाल, राजेश व अन्य मौजूद रहे।

#### सुविधाओं का लाभ उठाए संसदीय क्षेत्र का हर व्यक्ति

उन्होंने बताया कि सांसद जिन्दल का प्रयास है कि कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र का प्रत्येक व्यक्ति नवीन जिन्दल फाउंडेशन के माध्यम से दी जा रही सुविधाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि समाज सेवी सांसद नवीन जिंदल लगातार जनहित सामाजिक व मानव हित के कार्य करते रहे हैं इस प्रकार के कार्य उनके लिए राजनीतिक कार्य न होकर सामाजिक व मानवीय कार्य होते हैं। इस प्रकार के जनहित के कार्य से उन्हें लगातार बुजुर्गों, माताओं का आशीर्वाद मिलता रहता है। अरविंद गोलन ने कहा कि संकल्प शिविर का उद्देश्य, सबका साथ-सबका विकास है। संसदीय क्षेत्र के लोगों की इस प्रकार की बिना किसी लोभ लालच के निरंतर सेवा करने से नवीन जिंदल लगातार मानव हित के कार्य कर रहे हैं।